हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जुलाई 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 निर्देश: सुकन्या समृद्धि योजना में 10 वर्ष तक...



07 इस्कान ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की ...



## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**सीहोर।** कोतवाली थाना अंतर्गत छोटी ग्वालटोली निवासी 26 वर्षीय नवविवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह कुछ दिन से गंभीर बीमारी के चलते मानसिक तनाव में थी। उसका विवाह लगभग 7 माह पूर्व भोपाल में हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार छोटी ग्वालटोली निवासी स्व. राधेश्याम यादव की 26 वर्षीय पुत्री ज्योति का विवाह दिसम्बर में भोपाल में हुआ था। बताया जाता है कि लगभग 2 माह पूर्व उसे ब्लड कैंसर हो गया था। उसके बाद से ही वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी। कुछ दिन पूर्व ही वह अपने मायके आई थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेजा है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के लिए 31 जुलाई तक होंगें आवेदन

**सीहोर।** सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर 2024) के अन्तर्गत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई को सायं 6 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में स्वयं अथवा वाहक अथवा डाक द्वारा द्वारा अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।

### कलेक्टर ने टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# गौवंश सड़क या अन्य स्थानों पर दिखाई दे तो उन्हें सुरक्षित गौशाला तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में गौशालाओं का बेहतर ढंग से संचालन हो, भूसा, चारे की पर्याप्त व्यवस्था रहे, सुचारू संचालन के लिए सतत भ्रमण कर निगरानी रखी जाए। गौवंश, सड़क या अन्य स्थानों पर दिखाई दे तो उन्हें सुरक्षित गौशालाओं तक पहुंचाएं। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा के दौरान समाधानकारी निराकरण कर अच्छा प्रदर्शन करने पर पीएचई विभाग एवं विद्युत विभाग की सराहना की। इसके साथ उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को तत्काल अटेण्ड कर शिकायतकर्ता से चर्चा कर संतुष्टि पूर्वक बंद करवाने एवं पोर्टल पर जवाब दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग शिकायतकर्ता से बिना दूरभाष पर चर्चा के जवाब दर्ज नहीं करें, शिकायतकर्ता की संतुष्टी पर शिकायत बंद करवाई जाए। बैठक में विभागवार समयावधि के पत्रों के लम्बित पत्रों की जानकारी लेकर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लम्बित पत्रों का निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को जिले में अनाधिकृत डायवर्सन के प्रकरणों मे नियमानुसार शास्ति अधिरोपित कर वसूली की कार्यवाही करने तथा तहसीलदारों की आरआरसी वसूली का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजनान्तर्गत प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी तहसीलदारों को दिए गए।



#### छात्रावासों का भ्रमण करें

कलेक्टर ने जिला संयोजक को निर्देश दिए कि जिले में संचालित छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर रहने वाले बच्चों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लें तथा कमी मिलने पर दूर करवाएं। कलेक्टर ने स्व-रोजगार योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए सभी विभाग बैंकों से समन्वय कर योजनाओं में लक्ष्य अनुसार प्रगति लाएं।

#### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाएं पौधे

कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिले में चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सभी अधिकारी अधिकाधिक पौधारोपण करवाएं तथा पौधे का संरक्षण कर पेड़ बनाने का संकल्प भी लें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद पौधा-रोपण अभियान चलाकर खाली पड़ी शासकीय भूमि पर पौधारोपण करवाया जाए। पौधारोपण उपरांन्त वायूदूत एप्प पर पौधें के साथ फोटो भी दर्ज करवाएं।



## अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा नगर का एकमात्र गंगा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर का एकमात्र गंगा माता मंदिर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बगैर दरवाजे के इस मंदिर में मवेशियों ने अपना डेरा जमा लिया है। शासन के अधीन इस मंदिर की धर्मस्व विभाग को सुध लेना चाहिए। नगर की हनुमान मंडी में नगर का एकमात्र गंगा माता मंदिर स्थित है। इस मंदिर में मुख्य द्वार नहीं लगा हुआ है। जिसके चलते वर्षों से यहाँ मवेशियों, कुत्तों आदि ने अपना स्थायी डेरा बनाया हुआ है।

शासन के अधीन इस मंदिर में वर्षो पूर्व सीमेंट कांक्रीट की छत डाली गई थी उसके बाद से इस मंदिर की किसी के द्वारा भी सुध नहीं ली गई है। घुप्प अंधेरा पसरा रहने के चलते आसपास के रहवासियों द्वारा अस्थाई रूप से एक बल्ब लटका दिया गया है। वहीं मुख्य द्वार नहीं होने से उसके स्थान पर एक बेरिकेट रख दिया गया है। लेकिन मवेशी इस बेरिकेट को गिराकर अंदर चले जाते हैं जहां अक्सर गंदगी कर जाते हैं।




## आगर जिले में वर्षा की स्थिति

**नलखेड़ा।** आगर-मालवा जिले में इस वर्ष अब तक 205.7 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सर्वाधिक वर्षा तहसील आगर में 321.7 एमएम तथा सबसे कम तहसील सुसनेर में 107 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। शेष दो तहसील बड़ौद एवं नलखेड़ा में क्रमशः 253 व 141 एमएम वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इस अवधि में 271.8 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में सोमवार की सुबह 8 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 15 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील आगर में 50 एमएम व बड़ौद में 10 एमएम वर्षा दर्ज की है। तहसील सुसनेर एवं नलखेड़ा में शून्य वर्षा दर्ज की गई है।

## गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन माता रानी को लगाया छप्पन भोग

**नलखेड़ा।** आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी का आकर्षक पीताम्बरा श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। इस वर्ष आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि नौ के स्थान पर दस दिन की थी। गुप्त नवरात्रि के प्रत्येक दिन माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में भक्त मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे। कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान भी किए गए।



## किलोना में 30 दिवसीय निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ

**नलखेड़ा।** विकासखंड के ग्राम किलोना में तीस दिवसीय निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हुआ। सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से विकासखंड के ग्राम किलोना में महिला सिलाई नि:शुल्क 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जो 13 अगस्त तक दिया जाएगा। जिसमे स्व सहायता समूह की दीदियों व उनके परिवार सदस्य जिनकी उम्र 18 से 45 हैं उन्होंने भाग लिया। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में समस्त दीदियों को रीजनल सर्वे ट्रेनिंग इंसिट्यूट के विषय सारणी अनुसार महिलाओ को सिलाई का कार्य सिखाया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क होगा 30 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उनको प्रमाणपत्र भी वितरण किए जायेंगे। उक्त प्रशिक्षण के प्रांभिक कार्यक्रम में आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक बलवंत चौहान,ब्लॉक प्रबंधक शिवकुमार खटीक, सहायक ब्लॉक प्रबंधक कालु सिंह बामनिया, बैंक ऑफ इंडिया के जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ, 7.50 करोड़ से बनेंगे हॉस्टल, स्मार्ट क्लास और लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल शामिल हुए। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है।

इसी तारतम्य में सीहोर के चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में भी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। बताया गया है कि शासन से महाविद्यालय को 7.50 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। जिससे महाविद्यालय में छात्रों के लिए हॉस्टल, नवीन स्मार्ट क्लास, लाईब्रेरी उन्नयन एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय के लिए अन्य सुविधाएं प्रारंभ करना प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी काउन्टर, विद्या वन की स्थापना भी की जा रही है जिनका औपचारिक प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। चिह्नित विद्या वन में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए नीम, ईमली, पीपल, महुआ, गूलर तथा फलदार पौधों की देसी प्रजातियां अतिथियों द्वारा रोपित की जांएगी। साथ ही विद्यार्थियों के सुगम आवागमन के लिए बस सुविधा भी प्रारंभ की जा रही है। चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। जिसमें अब विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में ही मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें क्रय हेतु उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र से क्रय कर सकता है।



## बोवनी के बाद आई किट: किसान बोले कृषि विस्तार अधिकारी फसल प्रदर्शन किट लेने बना रहे दबाव!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ब्लॉक में आने वाले कृषि विस्तार अधिकारियों ने शिकायत की है। जिनका कहना है कि उपसंचालक कृषि फसल प्रदर्शन किट किसानों को बेचने के लिए जबरन दबाव बना रहे हैं। सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को किट बेचने के टारगेट दिए गए हैं। जबकि क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी किसान कर चुके हैं। अब ऐसी स्थिति में किसान सोयाबीन का बीज लेने को तैयार नहीं हैं। किसानों से जुड़े इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की है।

गौरतलब है कि खरीफ फसलों की बोवनी के बाद किसान कीटनाशक दवा छिड़काव कार्य में लगे हैं। खेतों में सोयाबीन की फसलों में कीट व्याधी और पत्ते पीली पड़ने की शिकायत भी मिल रही है। क्षेत्र में बारिश थमी हुई है ऐसे में किसान परेशान हैं, जबकि जिम्मेदार कृषि विभाग में तो अफसर आपस में ही उलझे पड़े हैं। कृषि विस्तार अधिकारियों ने उपसंचालक कृषि कल्याण केके पांडेय के खिलाफ आरोप लगाए हैं। जिनका कहना है कि एक एबीडीसी कंपनी की फसल प्रदर्शन किट बेचने के लिए उन पर डीडीए पांडे दबाव बना रहे हैं। उल्लेखनीय खेतों में खरीफ फसलों की बोवनी को करीब एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कृषि विभाग में सब्सिडी वाला सोयाबीन बीज और फसलों की पोषण तत्व संबंधी किट आई है। लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी किसानों को बीज के साथ फसल सुरक्षा किट देने के निर्देश मिलने के बाद असमंजस की स्थिति में हैं क्षेत्र में बोवनी हो चुकी है। जबकि किसानों को कहना है कि यह किट और बीज एक माह पहले मिलते तो हमें मंहगी कीमत नहीं चुकानी पड़ती।




#### झूठी शिकायत करवा रहे हैं

इस संबंध में डीडीए सीहोर केके पांडे का कहना है कि किट बेचने का कोई दबाव नहीं बनाया। ग्रामीण कृषि अधिकारी खुद खेतों में नहीं जाते यह लोग कीटनाशक दवाओं का सैंपल नहीं ले रहे हैं। इनकी लापरवाही से सोयाबीन की फसल पीली पड़ रही है। किसान कहीं से भी बीज और कीटनाशक ले सकता है।

### नरेन्द्र कुमार ने आमजन को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# बेटी के जन्मदिन को यादगार बनाने न्यायालय परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सहायक श्रेणी-3 नरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा अपनी पुत्री के जन्मदिन पर आमजन को पर्यावरण का संदेश देते हुए एक पहल की गई, जिसमें उन्होंने अपनी पुत्री के जन्मदिन को पारंपरिक तरीके से न मनाकर पौधारोपण के माध्यम से यादगार बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवीन्द्रसिंह कुशवाह से निवेदन किया। उनकी इस सकारात्मक पहल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायालय परिसर में पौधारोपण के लिए अनुमति प्रदान की गई, साथ ही अपने कुशल नेतृत्व में समस्त न्यायाधीशगण सहित समस्त कर्मचारियों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

शर्मा द्वारा न्यायालय में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों सहित प्रत्येक कर्मचारीगणों को राशि अनुसार लगभग 200 पौधो को क्रय किया गया। जिसे समस्त न्यायालय परिसर में रोपित किया गया। विदित हो कि आगर मालवा जिले में नवीन न्यायालय भवन का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि परिसर में लगे हुये पुराने विशाल वृक्ष भी संरक्षित हो सके। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा शर्मा की पर्यावरण संरक्षण हेतु की गई पहल की सराहना करते हुये कहा कि पर्यावरण ही हमारी जीवन रेखा है। जिसे बचाये रखने के लिये वृक्षारोपण करना अत्यावश्यक है। इसके साथ ही वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा संचालित 72 दिवसीय पंच-ज अभियान अंतर्गत जल, जंगल, जानवर, जमीन और जन सबके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा न्यायालय परिसर में रोपित पौधों की देखभाल एवं उन्हें सुरक्षित रखकर बड़े करने के लिए समस्त कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया।





#### आयोजन में ये रहे उपस्थित

आयोजन में जिला न्यायाधीश अमर कुमार शर्मा, जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमंत मेहरा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चाहना शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोनिका यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी पूनम तिवारी एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## साध्वी चंदनबाला श्रीजी का चातुर्मास पाली शहर में होगा

**मंगल प्रवेश 17 जुलाई को, विभिन्न स्थानों के श्री संघ लेंगे भाग**

**नलखेड़ा।** साध्वी चंदनबाला श्रीजी आदि ठाणा 10 का चातुर्मास मंगल प्रवेश पाली शहर में 17 जुलाई को होने जा रहा है। जिसमें देश के कई स्थानों के श्री संघ द्वारा भाग लिया जाएगा। नलखेड़ा जैन समाज के राजेंद्र सकलेचा ने बताया कि नगर के गुदरावन मार्ग पर चंदनबाला श्रीजी साहब आदि साध्वी मंडल के मार्गदर्शन में श्री पार्श्व जिनालय व श्री जिनकुशलसूरी दादावाड़ी का भव्याति भव्य निर्माण एवं प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ था।

साध्वी चंदनबाला श्रीजी आदि ठाणा-10 का भव्याति भव्य चातुर्मास इस वर्ष राजस्थान प्रांत की धर्म नगरी पाली शहर की पुण्य धरा पर जैन श्वेतांबर खरतरगगच्छ संघ पाली के तत्वावधान में संपन्न होगा। चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश 17 जुलाई को श्री नवलखा पार्श्वनाथ जैन मंदिर से निकाला जाएगा, जो लोढ़ा का वास उपाश्रय पर पहुंचेगा। जहां पर साध्वी के साधना मय स्वर्णिम चातुर्मास में अनेक विध विशिष्ट अनुष्ठान एवं प्रतिदिन हृदय स्पर्शी ओजस्वी प्रवचन होंगे। खरतरगगच्छ संघ पाली के अध्यक्ष राज लूणिया तथा सचिव सुनील कटारिया ने बताया कि चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश के अवसर पर देश के विभिन्न स्थान से श्री संघ के सदस्यों द्वारा भाग लिया जाएगा।



खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य विभाग स्टोर का किया निरीक्षण



**देवास।** नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्टोर में आए दिन अनियमितता की शिकायते मिल रही थी। जिसे देखते हुए पार्षद एवं व स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस और लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल ने सोमवार को नगर निगम जाकर स्वास्थ्य विभाग स्टोर का औचक निरीक्षण किया। बैस ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग स्टोर में कई अनियमितता मिली। स्टोर में साफ-सफाई का आभाव था। स्टोर में रजिस्टर अस्त-व्यस्त हालत में पड़े हुए थे। जो मुख्य रजिस्टर रहते है, जिसमें पूरी जानकारी मिलती है वो नही पाए गए। इस संबंध में स्टोर कर्मचारी से जानकारी ली तो कर्मचारी का कहना था कि एसडीओ साहब के पास बिल बनाने के लिए भेजे गए है। बैस ने निगम कर्मचारी को फटकार लगाते हुए कहा कि आगे से सभी मुख्य रजिस्टर स्टोर में उपलब्ध होना चाहिए। यदि आगे से ऐसा पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। स्टोर में पाई गई अनियमितता को दूर करने के लिए भी आदेश दिए गए।

### कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# निर्देश: सुकन्या समृद्धि योजना में 10 वर्ष तक की बालिकाओं का खुलवाएं खाता

टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करें सुकन्या समृद्धि योजना में 10 वर्ष तक की शत प्रतिशत बालिकाओं का खाता खुलवाए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए जिले के नागरिकों का प्रेरित करें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखंड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाये। विभाग अपने-अपने सेक्टर में माताजी की टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर पौधरोपण करें। सभी विभाग अपने कार्यालयों के परिसरों में पौधारोपण करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि उद्योगों, नगर परिषदों और ग्राम पंचायतों में मियावाकी पद्धिति से पौधरोपण करें। नगरीय क्षेत्रों में निवासरत को नागरिकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने और शासकीय कार्यालयों में रूफ रेन हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिये। पेंशन हितग्राहियों के ईकेवायसी कार्य में प्रगति लाये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में हितग्राहियों की ईकेवायसी बहुत ज्यादा लम्बित है, नगर निगम क्षेत्र में ईकेवायसी कार्य के लिए शिविरों का आयोजन करें। जिले में एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी लेकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने सुकन्या समृद्धि योजना में खोले जा रहे खाते, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन, न्यायालय में लम्बित प्रकरण, स्वामित्व योजना और मेरी शाला सम्पूर्ण शाला अभियान में प्रगिति की समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।वही टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि टीएल प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश भी दिए।

# करनावद क्षेत्र में नहीं थम रहा अवैध शराब का कारोबार

### कार्रवाई के नाम पर कुछ नजर नहीं आता



**चापडा।** करनावद क्षेत्र में कई जगह बिक रही अवैध शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

हाटपिपल्या पुलिस थाना क्षेत्र कि पुलिस चौकी करनावद में डायरी के नाम पर शराब ठेकेदार व्दारा खुलेआम शराब का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।बता दे की विगत दिनों हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित कर इस अवैध कारोबार के बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया था। इस दौरान अधिकारियों ने इस ओर अंकुश लगाने की बात कही थी, लेकिन आज भी करनावद क्षेत्र में डायरी के नाम पर अवैध शराब का कारोबार चलाते हुए नशा परोसा जा रहा है। अधिक लाभ कमाने के लिए ठेकेदार द्वारा स्वयं के चार पहिया वाहनों से गांव-गांव पहुंचकर शराब सप्लाई की जा रही है। शराब से भरी गाड़ी पुलिस चौकी के सामने से ही गुजरती है, लेकिन इन्हें कोई रोकने वाला नहीं है। इस अवैध कारोबार के चलते अब अधिकारियों कि कर्तव्यनिष्ठता पर सवाल उठने लगे हैं।

आखिर क्या मजबूरी है जो जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदार के दबाव में काम कर रहे हैं, अवैध शराब पर अंकुश लगाना आबकारी और पुलिस दोनों की ही जिम्मेदारी है। लेकिन दोनों विभाग इस ओर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार चार पहिया एवं दो पहिया वाहन से दिन दहाड़े होरियाखो, विश्राम, हीरापुर, बरखेड़ा सोमा सहित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में शराब सप्लाई करता है। साथ ही क्षेत्र में संचालित ढाबों पर भी डायरी के नाम पर शराब सप्लाई की जाती है,जो की नियम विरुद्ध है। कार्रवाई या तो राजनीतिक दबाव में नही हो रही या जिम्मेदार अपने निजी लाभ को छोड़ नही पा रहे हैं।

### पुलिस चौकी के आसपास बिक रही शराब

नगर करनावद का जब भ्रमण कर वास्तविक स्थिति देखी तो आश्चर्य चकित करने वाली बातें सामने आई, पुलिस चौकी के आसपास ही मुख्य मार्ग पर संचालित होने वाली छोटी छोटी गुमटियों में खुले आम अवैध रूप से देशी शराब की पेटियां रखकर शराब बेची जा रही है। लेकिन जिम्मेदार आंखें बंद करके बबैठे है,या जान बुझकर अनदेखी कर रहे हैं। 23 जून को अवैध शराब के संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी, जिसमें आबकारी जिला अधिकारी मंदाकिनी मिश्रा ने कार्रवाई कर इस ओर अंकुश लगाने कि बात कही थी। लेकिन आज भी डायरी के नाम पर कारोबार चल रहा है। इस संबंध में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव से भी संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने हमेशा की तरह फोन रिसीव नहीं किया।

**मुझे ऐसी जानकारी नहीं**

मुझे तो ऐसी जानकारी नहीं है, आप आकर बता दीजिए कहां शराब बिक रही है, आठ दस कार्रवाई कर देंगे।
**मयंक वर्मा चौकी प्रभारी,** करनावद

# विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजन हेतु हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को लेकर रविवार को आदिवासी समाजजनो की बैठक उदयनगर में आयोजित हुई।जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि उदयनगर में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को जिला स्तरीय मनाया जाएगा। उपस्थित सभी सदस्यों की समिति ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

आगामी बैठक 21 जुलाई को होगी जिसमें आयोजन कमेटी बनाई जाएगी। बैठक में समस्त समाजजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्य रुप से ज्ञानसिंह अजनारे,नंदू सिंह रावत,रामसिंग सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य नंदकिशोर मुजाल्दे,किशन कन्नोजे,जितेन्द्र सोलंकी,रोशन चौहान,आपसिंह अलावा, सरपंच,विकास डोडवे, संजू गोयल, लकी जामले, महेश बामनिया, दिनेश किराड़े, राकेश अचाले,भोलू किराड़े, राधेश्याम मौर्य,सूरज तवर,राकेश देहदिया,सुरेश रावत एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व जनपद सदस्य ने अपनी निजी भूमि पर लगाए 101 आम के पौधे



**चापडा।** पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम मोखाप्पिल्या के किसान एवं पुर्व जनपद सदस्य दुलेसिहं दरबार ने अपनी निजी भूमि पर पौधारोपण किया। दुले सिंह दरबार ने बताया कि निजी भूमि पर स्वयं के खर्च से आम के 101 पौधों का रोपण किया गया है। इन पौधौ की देखभाल कर पेड़ के रूप में स्थापित करने का संकल्प भी दिलाया गया है। इस कार्य में परिवार के सभी सदस्यों का भी सहयोग मिल रहा है। दरबार ने बताया कि आने वाले कल के लिए युवा पीढ़ी को आज के समय में पौधरोपण करना जरूरी है। साथ ही अन्य किसानों से भी अपील करते हुए कहा कि हमसे जितना हो सके उतनें पौधौ का रोपण अवश्य करें।

# अयोध्या धाम में राम कथा के पूर्व अग्रवाल ने सपत्निक व्यास पीठ की विधिवत की पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




रविवार 14 जुलाई को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की पावन धरा अयोध्या में माँ चामुंडा माँ तुलजा भक्त मंडल द्वारा कथावाचक श्री शिवम शुक्ला महाराज के मुखारविंद से होने वाली श्री राम कथा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कलश यात्रा मे भक्त मंडल के सदस्यों मे महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ अन्य मंडल के सभी सदस्यों ने कलश यात्रा मे भाग लिया तथा कलश यात्रा के संपन्न पश्चात अग्रवाल ने सपत्निक व्यास पीठ का पूजन किया तथा श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। अग्रवाल ने बताया, कि 14 से 20 जुलाई तक श्री अयोध्या धाम हो रही श्री रामकथा मर्मज्ञ आचार्य पंडित श्री शिवम शुक्ला महाराज (प्रयागराज)के मुखारविंद से श्रीराम कथा प्रारंभ के प्रथम दिन पर भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा कथा को श्रवण किया। उल्लेखनिय है कि मां चामुंडा मां तुलजा भक्त मंडल के प्रमुख दुर्गेश अग्रवाल के साथ बडी संख्या मे मंडल के सदस्य शनिवार को देवास रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम, काशी बनारस एवं प्रयागराज, चित्रकूट की धार्मिक यात्रा के लिए ट्रेन से रवाना हुए थे। कथा के पूर्णाहुति के पश्चात श्री अग्रवाल के साथ भक्त मंडल के सभी सदस्यों 21 से 23 जुलाई तक काशी में गंगा स्नान के साथ-साथ काशी विश्वनाथ व भगवान काल भैरव के दर्शन-पूजन करेंगे। 24 जुलाई को प्रयागराज जाएंगे व संगम स्नान करेंगे। यहां से 25 व 26 जुलाई को चित्रकूट में दर्शन व पूजन करेंगे। 27 जुलाई को यात्रा के समापन के साथ देवास आगमन होगा।

# शिशु मंदिर में विधिक सेवा समिति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



तहसील विधिक सेवा समिति बागली के तत्वावधान में न्यायाधीश चंद्रकिशोर बारपेटे द्वारा लगातार नगर की संस्थाओं एवं वन विभाग के माध्यम से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार के दिन सरस्वती शिशु मंदिर बागली में न्यायाधीश चंद्र किशोर बारपेटे द्वारा स्कूल के बच्चों को पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए किस प्रकार से पौधरोपण किया जाता है, उस बारे में बताया गया। न्यायाधीश किशोर बारपेटे के साथ रेंजर गजानंद बिरला, समिति अध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार, ग्राम विकास प्रांत टोली सदस्य अर्जुन यादव, प्राचार्य दिलीप बैरागी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षण के माध्यम से गुलमोहर अधिक पौधे लगवाए गए। इस दौरान सभी अतिथियों द्वारा परिसर में पौधरोपण भी किया गया। न्यायाधीश बारपेटे ने कहा कि जब तक हम पौधो से नहीं जुड़ेगे तब तक पौधों का संरक्षण संभव नहीं है। इसलिए बच्चों को पर्यावरण एवं पौधों से जोड़ना आवश्यक हैं। इस आयोजन का उद्देश्य भी बच्चों को पर्यावरण से जोड़ना है। बच्चे स्वयं पौधों का रोपण करते हैं तो उससे उनका लगाव रहेगा और देखभाल करेंगे। बारपेटे ने कहा कि आज बच्चों व्दारा जो गुलमोहर के पौधो का थैलियों में रोपित किया है, इनका अगले साल इसी परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही रेंजर गजानंद बिरला ने भी बच्चों को पौधों के बारे जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शुभांगी बैरागी, रचना बोरखाडिया, ललिता दांगी, सुनीता यादव,कमल खींची,कमल डाबर, अजब सिंह भिलाला आदि उपस्थित रहे।

### साध्वी शुभवर्धनाजी का चातुर्मासिक प्रवेश संपन्न

# साध्वीजी श्रीजी की उपस्थिति में भक्तों ने की गुरुदेव की अगवानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर साध्वी शुभवर्धना श्रीजी, जयवर्धना श्रीजी एवं निर्वाणवर्धना श्रीजी आदि का चातुर्मासिक प्रवेश संपन्न हुआ। इस अवसर पर साध्वी शीलरेखा श्रीजी विशेष रूप से उपस्थित रही तथा आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में फूलों से सुसज्जित मंडप में गुरुदेव चल रहे थे। आगे मंगल कलश लेकर सुलसा बहु मंडल उपस्थित था। पुरूष मंडल एवं महिला मंडल मंगल गीत गाते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे। सुलसा बहु मंडल ने आकर्षक मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। राजरत्ना ग्रुप ने मनोहारी नृत्य द्वारा गुरूदेव की अगवानी की। धर्म ध्वज फहराते हुए भक्तों का समूह आकर्षण का केन्द्र रहा। वाजंत्री की थाप पर नवयुवकों ने मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया।

अपने घरों के सामने भक्तजनों ने अक्षत एवं श्रीफल की गहुली बनाकर गुरूदेव की अगवानी की। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि सोमवार को प्रातः 7.45 बजे मंडी धर्मशाला से अनेक आकर्षणों से सुसज्जित शोभा यात्रा सामैय्या प्रारंभ हुआ।

जो कि विजया रोड, श्री आदेश्वर मंदिर आदिनाथ चौक, जेल रोड होकर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर संपन्न संपन्न हुआ। यहां पर गुरू पूजन तथा कामली अर्पण का कार्यक्रम हुआ। गुरू पूजन पकिया और कामली अर्पण का लाभ नितिन कैलाश जैन मानव ने प्राप्त किया।

समदड़िया परिवार, गुरूदेव के सांसारिक परिवार, पुष्पा बहन भंवरलाल अरविंद सुराणा, नगीन सोलंकी एवं राकेश भाई बाड़कुम्बेद का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, विलास चौधरी, अजय मूणत, राजेश बागरेचा, एचएलमेहता, मनीष जैन कायथावाला, भरतेश जैन, सुरेन्द्र तेजावत, प्रकाशचंद गोखरू, महावीर जैन, विनोद जैन, निलेश जैन, नितिन जैन, विशाल तातेड़, विकास जैन, जवाहर सुराणा, राकेश तरवेचा, अतुल जैन, दीपक जैन आदि उपस्थित थे। भक्ति संगीत की प्रस्तुति विजय जैन एवं गौरव जैन भोमियाजी ने दी। स्वागत भाषण अशोक जैन पटवारी ने दिया। आभार शैलेन्द्र चौधरी ने माना।

# राष्ट्रीय महामंत्री, रीजनल अध्यक्ष और रीजनल सचिव का देवास प्रवास



**देवास।** परिषद के सदस्यों ने पौधरोपण भी किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शाखा देवास में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा, रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं रीजनल महासचिव सुधीर अग्रवाल का प्रवास हुआ। परिषद के सदस्य हेमंत वर्मा के विद्यालय किंडर स्कूल में कार्यक्रम हुआ। जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री का मार्गदर्शन मिला। जिससे सभी का उत्साह वर्धन हुआ एवं अगले 3 महीने में 121 सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया। राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा पौधरोपण भी किया गया। सोनकच्छ में नई शाखा शुरू करने का प्रभार मनीष माहेश्वरी एवं हाटपिपलिया में शाखा शुरू करने का प्रभार विक्रम आप्टे को दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित इतिहासकार दिलीप जाधव उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

खबर संक्षेप

## रामपुरा बीट में वन रक्षकों ने लगाए पौधे



**खाचरोद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रोल गांव सर्किल के अंतर्गत आने वाली रामपुरा बीट पर वनरक्षक निवास पर वनरक्षक दीपेश राठौर रामपुरा, ग्राम पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, वन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, उप सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटीदार, सुरक्षा श्रमिक शरीफ खान, शेर सिंह, धन सिंह, दीपक गोपाल की उपस्थिति में वनरक्षक निवास पर बड, जमुना, शीशम के पौधे रोपे गए। वही वनरक्षक दीपेश राठौर, सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, वन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल ने सभी ग्राम वासियों से अपने घर व खेत पर एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा कर पेड़ बनाने की अपील की।

## पौधरोपण अभियान को लेकर हुई प्रांतीय बैठक

**जावर।** भोपाल विद्या भारती द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण अभियान की प्रांतीय ऑनलाइन बैठक सानंद सम्पन्न हुई। आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रभारी प्रहलाद सिंह घुरैया ने कहा कि पूरे प्रांत में पौधारोपण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी का सहयोग मिलेगा तब ही हमारा प्रयास पूर्ण सफल होगा। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए और जनभागीदारी से अपने इस कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाया जाए। दतिया से पूर्व जिला प्रमुख उमाकांत भार्गव ने कहा कि ग्राम भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान एक सराहनीय पहल है हमारा संगठन भी पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अनेकों प्रकार के पौधे लगाकर उनकी उचित देखभाल कर रहा है। आप सब भी पौधरोपण करें और हरियाली बढ़ाएं। ग्वालियर से पूर्व प्राचार्य डॉ नरेश त्यागी ने कहा कि पौधरोपण करना हम सबका कर्तव्य है। अतः समाज की सहभागिता सुनिश्चित कर जगह जगह पर पौधरोपण करते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को दी जानी चाहिए।

### भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में सांसद और विधायक भी हुए शामिल

# इस्कान ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की नगर में निकाली रथ यात्रा

रथ यात्रा शहर के गायत्री मंदिर से शुरू हुई जो की पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा होते हुए निकली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार को इस्कान द्वारा श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की विशाल रथ यात्रा निकाली रथ यात्रा शहर के गायत्री मंदिर से शुरू हुई जो की पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा होते हुए निकली ।बता दे की आष्टा शहर में इस्कान की यह पहली रथ यात्रा निकाली है, रथयात्रा ऐतिहासिक निकाली रथ यात्रा में क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी सहित समाजसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, शहरवासी शामिल हुए।इस्कान मन्दिर उज्जैन के उपाध्यक्ष पूज्य धीर गौर स्वामी ने आज नगर में निकली इस्कान रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं से कहा कि कृष्ण भक्ति हमारी आत्मा को आल्हाद से भर देती है। इनकी लीला न्यारी भी है और प्यारी भी। भगवान श्री कृष्ण का जितना स्वरूप प्यारा है उनका ही निराला उनका प्रेमोद्दीपक दर्शन है। श्री कृष्ण विज्ञान भी हैं और कला भी । सर्व प्रिय भगवान कृष्ण ज्ञान, कला और प्रेम के प्रतीक हैं उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञानोपदेश हमे जीने की कला सिखाता है और जीवन की नश्वरता का बोध भी कराता है । कृष्ण भक्ति से शांति सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है । नगर में इस्कान द्वारा रथयात्रा की परंपरा शुरू होने से नागरिकों में हर्ष देखा गया और बड़ी संख्या में शहर के नागरिक रथ यात्रा में शामिल हुऐ और कई स्थानों पर इस रथ यात्रा का भी स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर में इस्कान के प्रमुख सहयोगी संदीप सोनी, इनर व्हील संस्था की पूर्व उपाध्यक्ष हेमलता सोनी, मारवाड़ी नामदेव छिपा समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी अनिल भाटी आदि उपस्थित थे।



# कीटनाशक छिड़काव के बाद अब तेज बारिश की जरूरत

### बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता



**जावर।** खेतों में उगी खरपतवार को हटाते हुए किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षेत्र में खरीफ की बोवनी ठीक तरीके से हो गई है इस साल किसानों द्वारा बोया गया बीच ठीक से अंकुरित हो गया है किसी भी किसान को दोबारा से भवानी करने के नौबत नहीं आई है खेतों में खरपतवार को नष्ट कर दें के लिए किसानों द्वारा दवाई का छिड़काव भी कर दिया है लेकिन अब किसानों को बारिश का इंतजार है क्योंकि अब फसल की ग्रोथ का समय है इस समय क्षेत्र में 25 दिनों से अधिक की फसल हो चुकी है क्षेत्र में अभी तक झमाझम बारिश नहीं होने के कारण नदी नाले तालाब भी सूखे पड़े हैं बारिश नहीं होने और ऊपर से गर्मी उमस होने से लोग परेशान हो रहे हैं। किसान लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि बोवनी ठीक से हो गई है। बीज भी अंकुरित हो गया है। किसानों द्वारा खेतों में दवाई का छिड़काव व डोरे भी कर दिया गया है, लेकिन अब फसल को पानी की जरूरत लगने लगी है। जिन खेतों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया है उन खेतों की फसल को पानी की शक्ति जरूर लगने लगी है, बारिश कम होने का नतीजा है कि अभी तक नदी नालों व तालाब में पानी तक नहीं आया है बारिश नहीं होने के कारण व फसल पीली पड़ने लगी है जुलाई का आधा माह बीतने को आया लेकिन अभी तक क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है।

# शहर सहित अंचल में करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार शाम 6 बजे से आष्टा क्षेत्र में झमाझम बारिश हो रही है बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है किसानों को इस समय फसलों में पानी की आवश्यकता थी और आज का पानी ने किसानों को राहत दी है। 1 जून से 12 जुलाई तक आष्टा में 189.0, जावर में 164.3, मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।दरअसल 5 दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी जुलाई का आधा महा बीत गया लेकिन दो-तीन दिन ही पानी गिरा लोगों ने बोवनी भी समय पर कर दी थी बस बारिश का इंतजार था, शनिवार को बारिश हुई 5 बजे के लगभग मौसम बदला बादल छाए और 6 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ आज हुई बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है। बोवनी समय पर हुई थी बस झमाझम बारिश का इंतजार था इस बार भी आष्टा क्षेत्र में समय पर मानसून तो आ गया था और किसानों ने बोवनी भी कर दी थी, लेकिन इस बार बारिश रुक-रुक कर हो रही थी अब जाकर झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ हैं। आज हुई बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा हुआ है क्योंकि बोवनी कार्य करे हुए 20 से 25 दिन हो गए थे और इस समय पानी की आवश्यकता थी।



# वन विभाग की 30 हेक्टेयर भूमि से हटाया अवैध कब्जा

**भैरूंदा।** क्षेत्र के वन परिक्षेत्र लाडकुई के नयापुरा गांव के निकट जंगल में शनिवार को गांव के ग्रामीणों द्वारा कब्जे वाली वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रकाशचंद उईके के नेतृत्व वन परिक्षेत्र की जमीन पर कब्जाधारीयो से भूमि पर जेसीबी चला कर कब्जा हटाया गया।

सरकार की योजनाओं जल जीवन हरियाली को पूरा करने के लिए पौधरोपण कार्य में बाधक बन रहे थे। वन विभाग के द्वारा वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर वन मंडलाधिकारी के निर्देश पर कारवाई के लिए वन विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों के कब्जे से 30 हेक्टेयर की जमीन को खाली कराया। लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर खेती कार्य शुरू कर फ़सल की बुवाई कर दी गई थी अतिक्रमण को हटाने को लेकर जेसीबी से फ़सल को ध्वस्त कर अतिक्रमणकारियों को दोबारा वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। लाडकुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उईके ने बताया कि लाडकुई के वन परिक्षेत्र की भूमि सर्किल नयापुरा के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर लोगो ने खेती कार्य शुरू कर दिया था 30 हेक्टेयर वन भूमि को इन लोगो के पास अतिक्रमण से मुक्त कराया।



अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान में लाडकुई वन अमले द्वारा

# बारिश के बाद बदहाल सड़कें हुईं जानलेवा, जगह जगह सड़क पर गड्ढों से लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर की प्रमुख सड़के पहली बारिश में ही बदहाल अवस्था में पहुंच गई है। अधिकांश सड़कों पर गड्ढे हो गए है, इनमें गिरकर वाहन चालक घायल हो रहे है। अभी तक नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। नागरिकों ने कम से कम संबंधित विभाग से गड्ढे को ठीक करने की मांग की है ताकि दुर्घटनाएं घटित ना हो। बता दें कि शहर के कई वार्डों की सड़के जर्जर अवस्था में पहुंच गई है, इन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई मार्गों पर तो लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों को समस्या से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया।

### नगर के इन मार्गों की खस्ता हालत

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग के दरगाह के पास जानलेवा गड्ढे आए दिन हादसे का कारण बन रहा है। अस्पताल चौराहा से लेकर खारीकुंडी तक सड़क उखड़ी पड़ी है। पुराना बस स्टैंड के पास में हाईवे पर जानलेवा गड्ढे में आए, दिन वाहन चालक अनियंत्रित होकर घायल हो रहे हैं। प्रगति गली, बड़ा बाजार ,सब्जी मंडी मार्ग,परदेसी पुरा, कसीपुरा सहित कई वार्डों में पहली बारिश में ही सड़कें उखड़ गई है। अब लोग इन सड़कों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं क्योंकि इन सड़कों को बने हुए ज्यादा समय नहीं हुआ है।

### खस्ताहाल और जानलेवा गड्ढे को नपा ठीक कराए

नागरिक फैजुद्दीन, शैलेश शर्मा ने बताया कि शहर की सड़कें उखड़ी पड़ी है और नगर पालिका का इस ओर ध्यान नहीं है। स्कूल के समय बच्चे जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। इन गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। नगरपालिका को तुरंत उखड़ी सड़कें और गड्ढे ठीक करने चाहिए ताकि दुर्घटनाएं न हो। नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों को नुकसान हुआ है, जहां-जहां गड्ढे हो गए हैं, जल्दी मरम्मत कराई जाएगी।

# हर व्यक्ति अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पौधा अवश्य रूप से लगाएं: जगदीश पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था भीलखेडी सड़क द्वारा नगर परिषद कोठरी में माते श्री बाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को जन का अभियान बने और हर व्यक्ति अपने जन्म दिन,वैवाहिक वर्षगांठ ,अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पोधा अवश्य रूप से लगाएं। कार्यक्रम में यह विचार वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री जगदीश पटेल ने पौधरोपण के दौरान अपने विचार सांझा किए और पौधो को सुरक्षत रखने का संकल्प भी दिलाया।




पौधरोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री भगवत शरण लोधी , नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा, मेंटर्स श्री मुकेश राठौर,नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष मडलोई सचिव नरेंद्र वर्मा, बने सिंह मालवीय, माखन चंद्रवंशी एवम अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### विधानसभा के समग्र विकास को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा विजन डॉक्यूमेंट

# 100 करोड़ के विकास कार्यों की बनेंगी योजनाएं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अपने निवास पर भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के सभी विधायको से चर्चा की। सभी विधानसभाओं में आगामी 4 वर्षों में समग्र विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विधायको को अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने को कहा है । बैठक में पहुचे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा का विजन डॉक्यूमेंट मुख्यमंत्री को सौंपा जिसमे उन्होंने आष्टा में ट्रामा सेंटर, गर्ल्स कॉलेज, पॉलिटेक्निक कालेज, पार्वती थाने का भवन, नगर के सभी चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, ग्रामीण क्षेत्रो में सड़के, आष्टा नपा, जावर कोठरी नप में अधोसंरचना से समग्र विकास,खेत सड़क योजना से सड़के,गोशालाओं का निर्माण, स्टेडियम, जावर को विकास खंड का दर्जा, 41 पंचायतों के भवन, छूटे 29 ग्रामो को नर्मदा पार्वती लिंक योजना में शामिल करने, जैसे अनेक कार्यो, योजनाओं के डॉक्यूमेंट्स सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय-सीमा और जिम्मेदारियां भी निर्धारित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार करके क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर फोकस किया जाए। एक जिला एक उत्पाद योजना से रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी शामिल करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों की बैठक को संबोधित किया। बैठक में



सांसद वीडी शर्मा, मंत्रीगण, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संबंधित जिलों के अधिकारी वर्चुअली जुड़े। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉक्यूमेंट में विधायकगण 100 करोड़ रुपए राशि के कार्य शामिल कर सकते हैं। इसमें 40 करोड़ रुपए विधायक निधि, सांसद निधि, जन-भागीदारी, सीएसआर, रिडेंसीफिकेशन एवं अन्य रिडेवलपमेंट मद से प्राप्त किए जाएंगे। शेष 60 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 15 करोड़ जारी कर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक विधायक अपनी विधानसभा में कलेक्टर के सहयोग से उद्योगों के लिए भूमि आरक्षित कराएं और औद्योगिक क्षेत्र घोषित करके उद्योग लगवाए जाएं। कुटीर, लघु और वृहद उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित एक पेड़ माँ के नाम के आव्हान को अभियान का स्वरूप प्रदान किया जाए। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है इस अभियान का कार्य निरंतर जारी रहना चाहिए। सभी विधायक क्षेत्र में पंचायत स्तर तक प्रवास कार्यक्रम बनाएं। कार्यक्रम में जन-समस्या निवारण शिविर आवश्यक रूप से शामिल करें। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में बने कांजी हाउस की जगह गोशालाएं स्थापित की जाएं। इसके लिए प्रति गोवंश 40 रुपए की राशि दी जाएगी। नई गोशालाओं में दूध उत्पादन वाले गोवंश भी रखे जाएं और उनसे प्राप्त दूध बेचा जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर बनी गोशालाओं को स्वसहायता समूह,पंचायत या एनजीओ के माध्यम से चालू करवाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संसद ने तीन नए ऐतिहासिक कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 बनाकर न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन का कदम उठाया है। नए कानूनों का लगातार अध्ययन करें और उनकी जानकारी आमजन को कार्यक्रमों के माध्यम से दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी, उषा- आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और पंचायत के पदाधिकारियों इत्यादि को आयुष्मान योजना की पात्रता से जोड़ा गया है। इनका जिन अस्पतालों में आयुष्मान की सुविधाएं हैं वहां उचित उपचार किया जाए। प्रदेश में बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन अभियान के अंतर्गत 30 लाख प्रकरणों का निपटारा किया गया है। 15 जुलाई से पुनः यह अभियान चालू किया जाएगा। विधायक इस अभियान के अंतर्गत जनता से जुड़कर अधिक से अधिक समस्याएं निपटाएं।

दीनदयाल रसोई के माध्यम से गरीबों को भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि सभी बड़े अस्पतालों में भी दीन दयाल रसोई का काउंटर खोला जाए। जिससे बीमार के परिजनों को भोजन की व्यवस्था हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकेंद्रीयकरण की तरफ कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार विधायकों के अधिकारों को और अधिक बढ़ा रही है। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि विधायकों के साथ मिलकर जिलों का विकास करें।

# मार्ग व्यवस्थित करने नपा प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसी उद्देश्य को लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथ सीएमओ राजेश सक्सेना सहित अन्य कर्मचारियों को लेकर नगर भ्रमण पर निकले। जहां उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग बुधवारा रोड़, बड़ा बाजार, अस्पताल रोड़, जुम्मापुरा सहित अन्य रोड़ों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां भी रोड़ों पर गड्ढे है, उन्हें त्वरित दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। मुस्लिम धर्मावलंबियों का मुख्य त्योहार मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए मोहर्रम चल समारोह जुलूस मार्ग स्थित रोड़ का भी निरीक्षण किया, जिसके तहत नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने नपा कर्मचारियों से कहा कि जुलूस मार्ग के प्रत्येक रोड़ के गड्ढे त्वरित व्यवस्थित तरीके से भरे जाए, वहीं नाला-नालियों की उचित सफाई हो, ताकि चल समारोह में शामिल नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना नही करना पड़े। साथ ही श्री मेवाड़ा ने रांका धर्मशाला स्थित नागरिकों की सुविधा के लिए शौचालय रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, मनीष श्रीवास्तव, विनोद सांगते, संजय शर्मा, अफसर खान, कैलाश घेंघट, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह के तहत कार्यक्रम आयोजित

# देवी अहिल्याबाई होलकर ने समाज को कल्याण का मार्ग दिखाया : सुदीप शुक्ला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने हिंदू समाज के मान बिंदुओं की रक्षा करने के लिए अपना जीवन जिया। देवी अहिल्याबाई का जीवन भगवान शिव की भक्ति में समर्पित रहा और वे वीरता की प्रतिमूर्ति थीं। जिन्होंने प्रजा पालन के लिए जन कल्याणकारी सुशासन दिया। स्वच्छता, सुशासन प्रजा पालन, बेहतर अर्थव्यवस्था उनके शासन में थी। यह बात स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचार विभाग के प्रांतीय मीडिया संवाद आयाम प्रमुख सुदीप शुक्ला ने कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर महंत रघुनाथदास महाराज, आयोजन समिति के अध्यक्ष बीरम सिंह चैहान, डॉ. सरिता शर्मा उपस्थित रहे।

## 'उन्होंने महानता के मूल्य चुकाए'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुक्ला ने कहा कि महानता का मूल्य बड़ा होता है और देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन काल में ऐसे कई मूल्य चुकाए। युद्ध में उनके पति खंडेराव का निधन होने के बाद उन्होंने 19 वर्ष की आयु में ही बड़े ही साहस के साथ लोक कल्याण की भावना रखते हुए राज्य का संचालन किया। उनका धर्म और संस्कृति से अत्यधिक जुड़ाव रहा है। वे वास्तव में ईश्वरीय प्रेरणा से भारत में जन्मी थी और उन्होंने अपना जीवन भी ईश्वरीय प्रेरणा से ही जिया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर की पहली ईट लगाई। काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया। भारत के कई नगरों में मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बावड़ियों का निर्माण किया, जो धर्म एवं समाज सेवा की पराकाष्ठा है। फिर भी इतिहास में उन्हें उचित स्थान नहीं मिलना एक प्रश्न है।

प्रजा के पालन में किया जीवन समर्पित-

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई स्वदेशी की समर्थक रही हैं और उन्होंने अपने राज्य कार्य में भी स्थानीय कौशल को महत्व दिया। साथ ही देश के जिन-जिन हिस्सों में उन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया, वहां भी निर्माण शैली में स्थानीय कला को उचित स्थान दिया। उनके राज्य कार्य में सेवा के कार्य अनुकरणीय रहे हैं। पेयजल एवं अन्य व्यवस्था वे प्राथमिकता के साथ प्रजा के लिए करती थी। साथ ही उनके राज्य में स्वच्छता एवं सुंदरता को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता था। इसीलिए उन्हें लोकमाता और देवी की उपाधि मिली है। वास्तव में वे आसमान में चमकता हुआ सितारा है और अपने पूरा जीव एक सती के रूप में जिया है। हिंदू समाज को पुनः खड़ा करने में उन्होंने प्रेरणा का कार्य किया है। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, रामेश्वरम, केदारनाथ यात्राओं को बचाने का कार्य भी किया।

## समिति करेगी वर्ष भर आयोजन

देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती समारोह के तहत यह शुभारंभ कार्यक्रम था। अब देवी अहिल्याबाई होलकर जन्म जयंती समारोह समिति के द्वारा पूरे वर्ष भर जिले भर में विभिन्न प्रकार के आयोजन कार्यक्रम किए जाएंगे। जिनके माध्यम से गांव-गांव, नगर-नगर कार्यक्रमों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र को बताया जाएगा। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्मजयंती समारोह समिति की घोषणा भी की गई। जिसका अध्यक्ष बिरम सिंह चौहान को बनाया गया।

मोबाइलों का लॉक तोड़ने वालों पर भी हुई कार्रवाई

# बाइक अड़ाकर मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

9 मोबाइल आरोपियों के पास से बरामद किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पचोर सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाइक अड़ाकर लूट की घटनाएं कारित करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से लूटे गए 9 मोबाइल भी आरोपियों के पास से बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में आठ आरोपी बनाए हैं, जिनमें बगैर बिल देखे मोबाइलों का लॉक तोड़ने वाले दुकानदार भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने रविवार दोपहर कट्रोंल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर से पर्दा उठाया। इस दौरान कालीपीठ एवं ब्यावरा देहात थानान्तर्गत हुई चोरियों का भी खुलासा किया गया।

## मोबाइलों के लॉक खोलने वाले सहित 8 को बनाया आरोपी

9 जुलाई को पचोर के पशु बाजार में ग्राम आंवली, कुरावर निवासी रघुनंदन उमठ का मोबाइल बाइक सवार तीन युवकों ने लूट लिया था। विवेचना में सामने आया कि पूर्व में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं। इसके बाद एसपी ने एक टीम गठित की। इस टीम ने एक दिन एक संदेही बाइक चालक को रोका। पूछताछ में उसने बताया कि उसने और उसके दोस्त अमित ने मेला ग्राउण्ड पर मोबाइल लूटे थे। वहीं, जो मोबाइल मैं चला रहा हूं, वह भी लूट का ही है।

पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं बाद में अलग-अलग स्थानों से लूटे गए मोबाइलों व लॉक तोड़ने वाले इस तरह कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें दो नाबालिग आरोपी समेत अमित उर्फ चोरी लोधा, सूरज जोशी, रोहित शाक्यवार, दिलीप प्रजापति, नईम प्रजापति, पवन राजपूत एवं रामदयाल शामिल हैं। दिलीप, नईम, पवन एवं रामदयाल वे दुकानदार हैं जो बगैर बिल देखे ही इन आरोपियों से सांठगांठ कर मोबाइलों के लॉक खोला करते थे।


# राज्यमंत्री टेटवाल ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पीजी कॉलेज के एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में उन्नयन होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ाने एवं योग्यतानुसार मुकान हासिल करने के नए-नए अवसर प्राप्त होंगे। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेकों हीरे बाहर निकलेंगे जो अपनी चमक से देख का नाम रोशन करेंगे। उक्त बात रविवार दोपहर स्थानीय पीजी कॉलेज के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उन्नयन होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कही। राजगढ़ सहित प्रदेश के 55 कॉलेजों का उन्नयन एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में हुआ है। अब यहां 5 नए संकायों में पाठ्यक्रम आरंभ होगा। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं तकनीक से अवगत होने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद नागर कहा कि भारतीय ज्ञान पद्धति की एक समृद्धषाली परंपरा रही है। हमें अपने भारतीय ज्ञान को ही आधार बनाकर पूरी दुनिया के सामने उदाहरण पेष करना होगा।

**पांच नए संकायो को पढ़ाने 39 नए पद सृजितः** कार्यक्रम को प्राचार्य एमएल गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में संगीत, संस्कृत, बायो टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर सांइस विषयों का पाठ्यक्रम आरंभ होगा जिसके लिए शासन ने 39 नए पदों का सृजन भी किया है।



# विधायक ने किया जिले के प्रथम आईएसओ थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

राजगढ़ जिले में प्रथम के पुलिस विभाग के कुरावर थाने को स्वच्छता सुव्यवस्थित रखरखाव पीड़ितों के उचित बैठने की व्यवस्था को लेकर भोपाल के आईएसओ विभाग ने जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी मेहताब सिंह को आईएसओ का प्रमाण पत्र भेंट किया था। विधायक मोहन शर्मा भी थाने का भ्रमण करने पहुंचे। जहां उन्होंने निरीक्षण कर पाया कि राजगढ़ जिले में कुरावर थाने को सभी सुव्यवस्थित मानको के आधार पर प्रथम बार यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है या हमारे नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह सहित पुलिस स्टाफ एवंउ नके साथ इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, विजय शर्मा, विनोद शर्मा, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, रोहित शर्मा, ठाकुर प्रसाद उर्फ कल्लू मीना आदि उपस्थित थे।

# अवैध रूप से मुरम खोदने और परिवहन करने पर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अवैध रूप से खनिज संपदा का दोहन किया जा रहा है। अवैध तरीके से मुरम बजरी रेत का व्यापार खूब फल फूल रहा है। समय-समय पर स्थानीय प्रशासन एवं खनिज विभाग के द्वारा इक्का दुक्का कार्रवाई भी की जाती है। लेकिन इनके हौसले अभी बुलंद है लगातार अवैध मुरम का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए नायब तहसीलदार की टीम शनिवार शाम को मौके पर पहुंची और अवैध मुरम खुदाई करते हुए जेसीबी एवं एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने को सुपुर्द किया।

जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम तलेनी स्थित मुख्य मार्ग से लगे गड्ढे से अवैध मुरम खोदी जा रही थी सूचना उपरांत थाने से पुलिस बल लेकर सुरेश सिंह नायब तहसीलदार गोपाल चैहान नायब तहसीलदार आशीष पांडे पटवारी ग्राम तलेनी स्थित मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक जेसीबी क्रमांक- एमपी 42 बीए 0562 एवं एक ट्रैक्टर ट्रॉली महिंद्रा 475 बिना नंबर प्लेट के मुरम खनन का कार्य कर रहे थे। जेसीबी ड्राइवर ईश्वर पिता मानसिंह निवासी खेड़ीखाल जिला शाजापुर एवं ट्रैक्टर ड्राइवर भगवान सिंह पिता देवनारायण निवासी एहसानपुरा जिला राजगढ़ से उक्त खनन के संबंध में दस्तावेज मांगे गए तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे पास अभी कोई दस्तावेज नहीं है।

# विद्यार्थी परिषद सदैव ही सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाता है : राज्यमंत्री

एबीवीपी ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सारंगपुर नगर इकाई द्वारा रविवार को स्थानीय गोपाल कृष्णा सिनेमाप्लेक्स में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अ.भा.वि.प. प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव रहे।

कार्यक्रम में सारंगपुर तहसील के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही खो-खो क्लब सारंगपुर के राष्ट्रीय खिलाड़ी व सामाजिक संगठन वीर शिवाजी संगठन के कार्यकर्ताओ को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं और विद्यार्थी परिषद सदैव ही सामाजिक कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संदीप वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद कैंपस परिसरों के अलावा भी सामाजिक क्षेत्र में अपनी रचनात्मक गतिविधियों के साथ कार्य करती है विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना काल से ही अपने रचनात्मक कार्यक्रमों से समाज में परिवर्तन लाने के लिए प्रयास किया है अभाविप व्यक्ति निर्माण की पाठशाला है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजगढ़ जिले के जिलाधीश हर्ष दीक्षित द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मेधावी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी परिषद के माध्यम से पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न महाविद्यालय विद्यालय के प्राचार्य एसडीएम तहसीलदार जनपद सीईओ के साथ विद्यार्थी परिषद के सभी दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन आवेदनों की समीक्षा हर शनिवार को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ए ग्रेड सूची में शामिल होने वाले विभागों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक से मुक्त रखा जाएगा।

कलेक्टर के द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अवकाश दिवस शनिवार को स्वयं विभागवार समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने समस्त एसडीएमओ को भी निर्देशित किया है कि अनुविभाग स्तरीय बैठकों में विभागों के लंबित आवेदनों की अधिकतम जानकारियां प्राप्त करें और उनके द्वारा निराकरण किया जा सके इसके लिए स्थानीय स्तर पर विशेष पहल करें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि आज की स्थिति में विदिशा जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर है। जो विभाग बी, सी तथा डी ग्रेड सूची में शामिल है उन विभागों के अधिकारियों को विशेष पहल करनी होगी। ताकि जिला प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में अव्वल हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक ए-ग्रेड सूची में 25 विभाग शामिल हैं जबकि बी-ग्रेड में 11 तथा शेष अन्य विभाग सी और डी-ग्रेड सूची में शामिल हैं। जून माह की शत-प्रतिशत शिकायतों का निदान संतुष्टि से कराया जाना है।

भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक आयोजित

# कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य करना चाहता हूं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर में रविवार को दोपहर 3 बजे अग्रवाल मांगलिक भवन में भाजपा मंडल कुरावर की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। जिसमें विधायक मोहन शर्मा ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से भाजपा संगठन के आगामी गतिविधियों की चर्चा की। शक्ति व ग्राम केंद्र प्रभारी भी नियुक्त किए गए। उन्होंने कहा कि सभी भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नरसिंहगढ़ क्षेत्र में नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य करना चाहता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि हम अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधा रोपण करें। साथ ही उनको पौधारोपण करके ना भूले उनके संरक्षण का भी संकल्प लें उन्हें अपने परिवार के बच्चों की तरह परवरिश भी दें साथी उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पालक संयोजकों से कहां की वहां भी अपने ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की मेड़ो पर अपनी मां के नाम एक छायादार वृक्ष लगाए। बैठक को नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के मंडल प्रभारी दिनेश दांगी, भाजपा नेता कैलाश राज, मनोहर मंडलोई, कैलाश मंडलोई वकील, मोहन पटेल,लक्ष्मी नारायण पटेल, विनोद शर्मा, कैलाश सागवालिया, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर गांव वालों ने गोशाला की मनमानी का कमेंट लिखा

# गेट पर ग्रामीण करते रहे इंतजार, नहीं खुला गोशाला का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सीएम डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के बजट में गोशालाओं को उन्नत बनाने एवं प्रति गाय के लिए राशि बढ़ाने के साथ ही गायों के संरक्षण संवर्धन के लिए सभी गोशालाओं को निर्देश दिए की स्वच्छंद रूप से विचरण गायों को गोशाला में रखने के निर्देश जारी किए हैं। सारंगपुर विधायक मध्य प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल ने गायों को लेकर बयान दिया था कि गाय हमारी सनातन संस्कृति की धरोहर हैं।

इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। गाय सड़क पर नहीं देखनी चाहिए। गाय गोशाला में ही रखें शासन के इस आदेश की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीणों द्वारा अपनी निजी गाय तो अपने-अपने घर में बांधी और स्वच्छंद रूप से विचरित रही गायों को छोड़ने के लिए गोशाला पहुंचे लेकिन गोशाला संचालकों की हटधर्मिता और मनमानी इस कदर बड़ी की उन्होंने मध्यप्रदेश शासन के आदेश को नहीं माना और गाय रखने से मना कर दिया।

**गौशाला का मामलाः** सारंगपुर तहसील में ग्राम पंचायत बलोडी की सीमा में संचालित कपिलेश्वर गोशाला जो वर्तमान में सारंगपुर क्षेत्र में हो गई है। लेकिन गोशाला के वर्तमान संचालकों की मनमानी कहे या मजबूरी शनिवार शाम को बालोडी गांव के शिवराज सोलंकी जयपाल सोलंकी कृष्ण पाल सोलंकी भगवान सिंह सोलंकी राजेंद्र सिंह श्याम सिंह कुशवाहा देवेंद्र सिंह भूपेंद्र सोलंकी शुभम सोनगरा सहित अन्य लोग देर रात तक गोशाला के सामने स्वच्छंद रूप से घूम रही गायों को लेकर 2 घंटे तक गो शाला के सामने मशक्कत करते रहे। लेकिन किसी ने भी गाय रखने की हिम्मत नहीं जुटाई। ग्रामीणों के अनुसार गोशाला संचालक ने अपने कर्मचारियों से कहा कि ताला लगा दीजिए। किसी गाय को अंदर मत करें और गोशाला संचालक अपने घर चले गए। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को दी।

**सोशल मीडिया पर चल रहे कमेंटः** कपिलेश्वर गोशाला संचालकों की मनमानी एवं शासन के आदेश की धज्जियां उड़ने जैसी बातें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। अब देखना है कि कपिलेश्वर गोशाला में गाय रखने की कितनी क्षमता है वह वर्तमान में कितनी जगह है उसकी जांच होती है या नहीं। वहीं गोशाला के अध्यक्ष का कहना हे की 200 गाय रखने की क्षमता है इससे अधिक गाय नही रख सकते हैं।

## जांच के निर्देश जारी किए

कपिलेश्वर गोशाला की जांच के निर्देश जारी किए हैं।

हर्ष दीक्षित, कलेक्टर राजगढ़